प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 31.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को नक्सलवाद से मुक्त कराने की दोहरायी प्रतिबद्धता, देशवासियों से की राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील।
2. लौहपुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राज्यभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन, देश की एकता और अखंडता का दिया गया संदेश।
3. झारखंड के 14 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को मिलेगा केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक, गृह मंत्रालय ने जारी की सूची।
4. अफ्रीका के ट्यूनिशिया में फंसे झारखंड के 48 मजदूर, वीडियो संदेश के माध्यम से सरकार से लगाई वतन वापसी की गुहार।
5. सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव ने आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र रांची का किया निरीक्षण, स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील की। श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगा। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने नक्सलवाद से देश को मुक्त कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 2014 से सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी आतंकवाद पर एक निर्णायक और करारा प्रहार किया है।

****

इधर, झारखंड में भी राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी जिलों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। रांची ओटीसी ग्राउंड से शुरु हुई एकता दौड़ में सैकड़ो युवाओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि लौह पुरुष ने अखंडता और राष्ट्रीय समरसता का संदेश देकर देश को जोड़ने का काम किया।

****

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर हजारीबाग में भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। लोगों में रन फॉर यूनिटी को लेकर काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एडिशनल एसपी अमित कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी का उद्देश्य देश में एकता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है।

****

उधर, बोकारो में भी पुलिस द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें डीसी, एसपी समेत जिले के तमाम अधिकारी और आम नागरिक शामिल हुए। एकता दौड़ की शुरुआत सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित कर हुई। इस मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने कहा कि यह आयोजन एकता और शांति का संदेश देता है।

****

कोडरमा जिले में भी सभी थाना क्षेत्रों में रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी पुलिस के जवान, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

****

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के मौके पर केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने साल 2025 के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक की घोषणा की है। इसमें झारखंड 14 पुलिस अधिकारियों और जवानों के नाम शामिल हैं। झारखंड के जिन पुलिस अधिकारियों को केन्द्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक देने की घोषणा की गयी है उनमें आईजी एवी होमकर, माइकल एस राज, डीआईजी इंद्रजीत मरथा, सुरेन्द्र कुमार झा, एसपी मनोज स्वर्गीयारी और डिप्टी कमांडेंट के अलावा सब इंस्पेक्टर जितेन्द्र कुमार, मंटू कुमार, कांस्टेबल दीनबंधु कुमार, विकास कर्मकार, भगीरथ रजवार, शिवनंदन हांसदा और अजय मेहता के नाम भी शामिल हैं। वहीं विभिन्न राज्यों, संघशासित प्रदेशों, केन्द्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलोंऔर केन्द्रीय पुलिस संगठनों के 1,466 कर्मियों को सम्मानित किया गया है।

****

राज्य के हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो जिले के कुल 48 मजदूर अफ्रीकी देश ट्यूनीशिया में फंसे हुए हैं। इन मजदूरों को पिछले तीन माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है, जिसके चलते उनके सामने खाने–पीने का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। मजदूरों ने एक वीडियो संदेश के के माध्यम से अपनी पीड़ा व्यक्त की है। उन्होंने केन्द्र और झारखंड सरकार से शीघ्र वतन वापसी की गुहार लगाई है।

****

सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव सुजीत नाथ चरण ने आज आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र रांची में स्वच्छ भारत मिशन 5.0 की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को कई आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। मौके पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का उद्देश्य देश में स्वच्छता के प्रति जन भागीदारी को बढ़ाना है। उन्होंने स्वच्छता अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

****

बेंचमार्क घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह के कारोबार में लगभग 0.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अंतिम रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 233 अंक गिरकर 84 हजार 171 पर और निफ्टी 78 अंक गिरकर 25 हजार 800 पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 11 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 54 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

चक्रवाती तूफान मोंथा का प्रभाव राज्य में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के अनुसार राज्य के कई जिलों में 1 नवंबर तक भारी बारिश की संभावना है। इसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि, 2 नवंबर के बाद मौसम साफ होने के आसार हैं और उसके बाद सर्दी में तेजी आने की उम्मीद है।

****